केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक : 30/09/2024

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में राजभाषा पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में दिनांक 19.09.2024 को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, श्री यतेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ किया गया।

20 सितम्बर को हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें श्री हरिकृष्ण तिवारी उप निदेशक (राजभाषा) को आमंत्रित किया गया। 23 सितम्बर को राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। 24 सितम्बर को साहित्यक संगोष्ठी कर्मचारियों के बच्चों के लिए हिंदी स्लोगन/पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. आशुतोष पार्थेश्वर जी को आमंत्रित किया गया। प्रो. आशुतोष ने प्रेमचंद का भारत विषय पर बहुत ही अच्छी तरह से अपना व्यख्यान दिया। दिनांक 26 सितम्बर को कर्मचारियों के लिए अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों नें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। 27 सितम्बर को कर्मचारियों के लिए तात्कालिक भाषण एवं स्व-रचित काव्यपाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें देशभक्ति एवं साहित्य से ओत-प्रोत कविताओं का पाठन किया गया।

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर), प्रयागराज को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), इलाहाबाद द्वारा चल वैजयंती के विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोर कार्यालय की ओर से श्री कल्याण सिंह, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी ने दिनांक 11.09.2024 को आयकर कार्यालय, प्रयागराज में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में यह पुरस्कार ग्रहण किया।

30 सितम्बर को महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि यह अवसर अपनी भाषा के गौरव के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ आत्मनिरीक्षण का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि अपनी मातृभाषा और राजभाषा के प्रयोग के प्रति चिंतन,विचार करने और गर्व की अनुभूति का भी मौका है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग इस पखवाड़े में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रम में पूरे उत्साह से भाग लिया इसके लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं।

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अपने कर कमलों से हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एस. एस. नेगी ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए राजभाषा पखवाड़े के दौरान कोर मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं में आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष श्री आर.एन.सिंह,प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, श्री नरेन्द्र सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, श्री उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर (कार्य) सहित कोर मुख्यालय के भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्री ब्रजेश खरे, मुख्य कार्यालय अधीक्षक एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कल्याणी सिंह ने किया।

(कल्याणी सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज